

अगस्त 2023, अंक-4

# जल जीवन मिशन मध्यप्रदेश

# संवाद

प्रदेश में जल जीवन मिशन के माध्यम से प्रत्येक ग्रामीण परिवार को नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का कार्य प्रगतिरत है। इस कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करने हेतु मिशन के कार्यों को राज्य शासन द्वारा सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आज की स्थिति में विशेष उपलब्धियॉ अर्जित की गई हैं, 31 अगस्त 2023 की स्थिति में प्रदेश के कुल 1 करोड़ 12 लाख ग्रामीण परिवारों में से कुल 64.81 लाख (57.70%) ग्रामीण परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध होने लगा है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत अभी तक 148 समूह ग्राम योजनायें एवं 26,261 एकल ग्राम नलजल योजनायें स्वीकृत की जा चुकी हैं, इस प्रकार पूरे प्रदेश के सभी 51,416 ग्रामों के लिए नलजल योजनाओं के नियोजन का कार्य पूरा किया जा चुका हैं। प्रदेश के सभी जिलों में योजना का क्रियान्वयन मिशन मोड पर किया जा रहा है, सतत् मॉनिटरिंग एवं अनुश्रवण कर कार्यो में प्रगति लाने के बेहतर प्रयास किये जा रहे हैं, जिससे मिशन के लक्ष्यों की प्राप्ति समायावधि में कर सकें। प्रदेश के लिए गौरव की बात हैं की 77वें स्वतंत्रता दिवस और जलजीवनमिशन के 4 वर्ष पूरे होने के अवसर पर भारत सरकार द्वारा प्रदेश के इंदौर जिले के झलारिया की एकल ग्राम नलजल योजना से जुडी श्रीमती. सीता बाई एवं सिवनी जिले के ग्राम झुरकी में समूह ग्राम नलजल योजना के संचालन से जुड़ी श्रीमती दसिया बाई ने भारत सरकार द्वारा आमंत्रित विशिष्ठ अतिथि के तौर पर स्वतंत्रता दिवस समारोह, नई दिल्ली में भाग लिया।

**संजय कुमार शुक्ल**
**प्रमुख सचिव**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग**
**मध्यप्रदेश शासन**

## इस अंक के मुख्य विवरण


- मिशन की उपलब्धियाँ एवं समीक्षा बैठक
- स्वीकृत योजनाओं की स्थिति
- प्रदेश में मिशन की प्रगति
- शीर्ष 05 डिवीजन में मिशन की प्रगति
- सफलता की कहानी
- मिशन की गतिविधियों की झलकियाँ एवं सोशल मीडिया

# मिशन की उपलब्धियाँ

दिनांक 24 अगस्त 2023 को छिंदवाड़ा जिले में माननीय मुख्यमंत्री महोदय जी के करकमलों द्वारा जल जीवन मिशन की माचागोरा समूह जलप्रदाय योजना का भूमि पूजन कर इस योजना क्रियान्वयन का शुभारंभ किया गया। इस योजना से जिले के 07 ब्लॉक के 711 ग्रामों के परिवारों को लाभान्वित किया जायेगा।








लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के माननीय मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल द्वारा दिनांक 31-08-2023 को मंत्रालय भोपाल में विभागीय कार्यों की समीक्षा की गई । समीक्षा बैठक में विभाग के प्रमुख सचिव श्री संजय कुमार शुक्ल, प्रमुख अभियंता श्री संजय कुमार अंधवान, जल निगम के परियोजना निदेशक श्री ए.के. जैन सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। प्रमुख सचिव द्वारा माननीय मंत्री जी को विभाग एवं जल निगम द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं की विस्तृत जानकारी से अवगत कराया गया।



# मिशन की उपलब्धियाँ

"77वें स्वतंत्रता दिवस और जलजीवनमिशन के 4 वर्ष पूरे होने के अवसर पर जल शक्ति मंत्रालय के द्वारा देश के विभिन्न राज्यों से आए और मिशन से जुड़े 'विशिष्ट अतिथियों से संवाद' कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मध्य प्रदेश की श्रीमती दसिया बाई, छिंदवाडा एवं श्रीमती. सीता बाई, इंदौर ने स्वतंत्रता दिवस समारोह, नई दिल्ली में भाग लिया।"







"प्रमुख सचिव श्री संजय कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में एवं यूनिसेफ राज्य प्रमुख सुश्री मार्गरिट ग्वाड़ा, प्रमुख अभियंता श्री संजय कुमार अंधवान, प्रमुख अभियंता (सलाहकार) श्री के. के. सोनगरिया, मुख्य अभियंता भोपाल परिक्षेत्र श्री आर.के.हिरोड़िया, अधीक्षण यंत्री श्री अनुराग श्रीवास्तव एवं विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा यूनिसेफ के अधिकारियों की उपस्थित में 16 अगस्त को राज्य स्तर पर यूनिसेफ द्वारा विकसित जल जीवन मिशन मध्यप्रदेश की संचार सामग्री का विमोचन किया गया।"







# मिशन की उपलब्धियाँ



"जल जीवन मिशन अंतर्गत प्रदेश के जिलों में कार्यरत परियोजना प्रबंधन इकाई (PMU) के विषय विशेषज्ञों का वाल्मी भोपाल में आवासीय प्रशिक्षण के माध्यम से जल जीवन मिशन पर उन्मुखीकरण कर उनका क्षमता वर्धन किया गया ।"







"जल जीवन मिशन अंतर्गत प्रदेश के जिलों में केआरसी (KRC's) के द्वारा ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों के सदस्यों, महिला समूहों के सदस्यों एवं मिशन के संचालन एवं संधारण से जुड़े हितधारकों का रिफ्रेशर प्रशिक्षण के माध्यम से उन्मुखीकरण कर क्षमता वर्धन किया गया।"







"जल जीवन मिशन अंतर्गत प्रदेश के इंदौर जिले के मांगलिया ग्राम में दिनाक 24 अगस्त को भारत सरकार के जल जीवन मिशन के निदेशक श्री प्रदीप सिंह द्वारा खंड के अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से भ्रमण किया गया।"




# स्वीकृत योजनाओं की स्थिति

### एकल एवं समूह ग्राम योजनाओं का विवरण

| विवरण | ग्राम |
|---|---|
| कुल नियोजित ग्राम | **51,416** |
| एकल ग्राम योजनाओं में सम्मिलित ग्राम | **26,261** |
| समूह ग्राम योजनाओं में सम्मिलित ग्राम | **35,996** |

### मिशन की भौतिक प्रगति

| कुल लक्षित परिवार (एफएचटीसी) | 119.88 लाख |
|---|---|
| 15 अगस्त 2019 की स्थिति में (एफएचटीसी) | 13.53 लाख (11.30%) |
| 1 अप्रैल 2022 की स्थिति में (एफएचटीसी) | 49.20 लाख (41.04%) |
| 31 अगस्त 2023 की स्थिति में (एफएचटीसी) | 64.81 लाख (57.70%) |



# जल जीवन मिशन की प्रगति

### एकल नलजल योजनाओं की अद्यतन प्रगति

| विवरण | योजनाओं की संख्या |
|---|---|
| **पूर्ण** | **8105** |
| **प्रगतिरत** | **16203** |
| **निविदा प्रक्रियाधीन** | **1953** |
| **योग** | **26,261** |




### समूह नलजल योजनाओं की अद्यतन प्रगति



जल शोधन संयंत्र, बानसुजारा समूह जल प्रदाय योजना

| योजनाओं का विवरण | योजनाओं की संख्या | ग्रामों की संख्या |
|---|---|---|
| **पूर्ण** | **31** | **1488** |
| **प्रगतिरत** | **84** | **24397** |
| **निविदा प्रक्रियाधीन** | **33** | **10,111** |
| **कुल** | **148** | **35996** |

### शालाओं एवं आंगनवाड़ियों की प्रगति

| विवरण | संख्या |
|---|---|
| **प्रदेश में कुल शालाओं की संख्या** | **93,419** |
| **पूर्ण शालाओं की संख्या** | **74024 (79.22%)** |
| **निविदा प्रक्रियाधीन** | **1513** |
| **प्रदेश में कुल आंगनवाडियों की संख्या** | **66,896** |
| **आंगनवाडियों की संख्या** | **42917 (64.15)** |



# शीर्ष 05 डिवीजन में जल जीवन मिशन के समस्त घटकों में दिनांक 31 अगस्त 2023 की स्थिति में अद्यतन प्रगति

## क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन की प्रगति

| जिला | कुल ग्रामों की संख्या | कुल आवासों की संख्या | माह अगस्त तक कुल आवास जिनमें घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध हो गए है |
|---|---|---|---|
| धार | 1467 | 383607 | 274533 |
| बालाघाट | 1216 | 366877 | 267925 |
| खरगोन | 1121 | 353723 | 244088 |
| छिंदवाडा | 1830 | 349854 | 211369 |
| बैतूल | 1292 | 264033 | 192946 |
| **कुल** | **6926** | **1718094** | **1190861** |

## ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति गठन की स्थिति

| जिला | कुल ग्रामों की संख्या | माह अगस्त तक कुल गठित ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों की संख्या |
|---|---|---|
| धार | 1473 | 1473 |
| राजगढ़ | 1634 | 1364 |
| सिवनी | 1577 | 1349 |
| बालाघाट | 1244 | 1243 |
| गुना | 1255 | 1198 |
| **कुल** | **7183** | **6628** |

## ग्राम कार्य योजना निर्माण की स्थिति

| जिला | कुल ग्रामों की संख्या | माह अगस्त तक कुल ग्राम कार्य योजना निर्माण |
|---|---|---|
| राजगढ़ | 1634 | 1505 |
| धार | 1473 | 1473 |
| गुना | 1255 | 1190 |
| सतना | 1760 | 1182 |
| शिवपुरी | 1262 | 1069 |
| **कुल** | **7384** | **6419** |

## फील्ड टेस्ट किट प्रशिक्षण की स्थिति

| जिला | कुल ग्रामों की संख्या | माह जुलाई तक कुल ग्राम जिनमे 5 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया |
|---|---|---|
| रीवा | 2386 | 1675 |
| विदिशा | 1532 | 1532 |
| धार | 1473 | 1398 |
| रायसेन | 1404 | 1375 |
| बैतूल | 1338 | 1338 |
| **कुल** | **8133** | **7318** |

## "हर घर जल" ग्राम प्रमाणीकरण की स्थिति

| जिला | माह अगस्त (रिपोर्टेड) | माह अगस्त (प्रमाणित) |
|---|---|---|
| बैतूल | 1338 | 361 |
| इंदौर | 607 | 449 |
| सीहोर | 1030 | 317 |
| खंडवा | 708 | 323 |
| रायसेन | 1405 | 312 |
| **कुल** | **1762** | **1104** |

# सफलता की कहानी

"जल जीवन मिशन आंगनवाडी सेंटर में लाया नया सवेरा"

श्रीमती अमृत कुवंर
आंगनवाडी कार्यकर्ता
ग्राम-भाटखेड़ा
जिला-नीमच



ग्राम भाटखेड़ा निवासी आंगनवाडी कार्यकर्ता श्रीमती अमृत कुवंर बताती है कि, "ग्राम भाटखेड़ा एक छोटा सा ग्राम है जहाँ लगभग 377 परिवार निवासरत हैं। यह एक सांसद आदर्श ग्राम है जो की विकासखंड नीमच के अंतर्गत आता है और यह जिला मुख्यालय नीमच से 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। पहले इस ग्राम में पानी की बहुत समस्या थी जिससे सारा गाँव परेशान था ग्रीष्म काल में भू जल स्तर बहुत नीचे चला जाता था और पीने के पानी लिए ग्राम की महिलाओं को दूसरे ग्राम तक जाना पड़ता था जो की इस ग्राम से 5 किलोमीटर दूर था जिसके कारण ग्राम वासियों को बहुत शारीरिक कष्ट सहना पड़ता था।"

आगे बताते हुए अमृत कहती है कि, "मैं ग्राम में अपने परिवार के साथ पिछले 20 वर्षो से निवासरत हूँ। मैं अपने गाँव में समय-समय पर होने वाली सभी गतिविधियों में एवं अपने गाँव के विकास कार्यो में सदैव आगे रही हूँ, जल जीवन मिशन हमारे ग्राम के लिए वरदान से कम नहीं है। मेरा काम ग्राम की महिलाओं उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और बिमारियों से बचने के उपाय, गुणवत्ता वाले पोषण आहार, स्वच्छता के संबंध में नियमित रूप से घर-घर जाकर जाकर एवं आंगनवाड़ी में समय-समय पर बुलाकर उन्हें जागरूक करना है। साथ ही छोटे बच्चों को आंगनवाडी में उचित पोषण प्रदान करना उनका टीकाकरण करवाना होता है, किंतु ग्राम में मेरे लिए ये कार्य को करना एवं बड़ी चुनौती थी, क्योंकि ग्राम की अधिकांश महिलाएँ पानी के लिए प्रतिदिन ग्राम से बाहर स्थित हैंडपंप, कुंओ पर पानी लेने के लिए चली जाती थीं जिसके कारण ना तो वे आंगनवाड़ी सेंटर पर आ पाती थीं और ना ही घर पर मिल पाती थीं जिसके कारण मेरा अधिकांश समय महिलाओं को बुलाने इकट्ठा करने में ही चला था।

जल जीवन मिशन ने मेरे आंगनवाड़ी सेंटर में नल कनेक्शन लगा दिया मानों आंगनवाड़ी सेंटर को नया जीवन दे दिया, अब मेरे घर एवं आंगनवाड़ी दोनो में नल से नियमित रूप से पर्यात्त मात्रा में उचित गुणवत्ता वाला शुद्ध पेयजल आने लगा है। जल जीवन मिशन ने मेरे आंगनवाड़ी सेंटर नया जीवन दे दिया है जिसके लिए मेरा मान. प्रधानमंत्री एवं मान. मुख्यमंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद।"

"नल का पानी लाया आपसी रिश्तों में मिठास"



मध्यप्रदेश जल निगम की समूह ग्राम नल जल योजना के तहत मरदानपुर ग्रामीण समूह जलप्रदाय योजना क्रियान्वित की जा रही है इस योजना से क्षेत्र के 182 गांवों को पानी मिल रहा है, इसमें भैरूंदा, नसरुल्लागंज ब्लॉक के 119 और बुधनी के 63 गांव शामिल हैं ।

इन्हीं 63 गांवों में से एक गांव नयागांव में नल से जल आया तो घर, गाँव में प्रेम, भाईचारा की भावना को मजबूती मिली जिससे आपसी सबंध मजबूत हुए। बुधनी ब्लॉक के नयागांव की शीला धनवाड़े यह कहते हुए मुस्कुरा देती हैं कि, "नल से जल आने से पहले कुंआ या हैंडपंप पर पानी के लिए लंबी लाइन लगती थी इसी दौरान पानी के लिए ग्राम के लोग आपस में विवाद कर लेते थें, जिसके कारण गांव में तनाव रहता था पर अब ऐसा नहीं होता हैं कहीं भी पानी के लिए लाइन नहीं लगती हैं घर-घर नल का जल है हर-घर नर्मदा हैं"

शीला धनवाड़े कहती हैं कि "नयागांव में 154 घरों में नल का कनेक्शन दिया गया हे बाकी के पास पूर्व से कनेक्शन होकर उनके पास पानी की अपनी निजी व्यवस्था है।" यह पूछने पर कि संबंध सुधरने से गांव में क्या बदलाव आये तो शीला कहती है कि "पानी ने सामाजिक जीवन को मजबूती दी है, पानी के लिए संघर्ष अब बीते दिनों की बात है अब पानी के लिए अब विवाद नहीं होते हैं।" वे आगे बताती हैं कि "गांव ही नहीं पारिवारिक संबंध भी सुधरे हैं, परिवार के लिए पति, बच्चे, सास, ससुर सभी के लिए समय है नल से जल ने जिंदगी बदल दी है परिवार में अब मिठास है बच्चों को पूरा समय दे पाते हैं।"साठ साल की रामबाई कहती हैं कि "पहले सबसे बड़ा काम पानी लाना था एक डेढ़ किलोमीटर दूर के कुएं से पानी लाओ वह भी चार-छह चक्कर लगाकर मर्द तो पानी लाते नहीं थे जीना दुश्वार था पर नल से जल मिलने से सचमुच आपसी रिश्तो की कड़वाहट को कम कर दिया।"

नयागांव से तीस किलोमीटर दूर भैरूंदा ब्लॉक के अमीरगंज की बुजुर्ग महिला सुशीला उइके भी कहती हैं कि "मान. मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी को मेरी ओर से बहुत- बहुत धन्यवाद जल निगम की मरदानपुर जल प्रदाय योजना को प्रारंभ करने के लिए।"

हर घर जल
जल जीवन मिशन

## माह अगस्त में मिशन की गतिविधियों की झलकियाँ





















# मिशन की गतिविधियों की झलकियाँ एवं सोशल मीडिया

































@minphemp
@jal_mp

mpphed.gov.in
mpjalnigam.mp.gov.in